उत्तराखंड में अतिरिक्त वर्चुअल क्लासरूम

चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड सरकार ने **टेलीकॉम कंसल्टेंट्स इंडिया (TCIL)** की सहायता से **840 अतिरिक्त वर्चुअल क्लासरूम** शुरू करने की योजना बनाई है

- ये वर्चुअल क्लासरूम देहरादून में **शिक्षकों को छात्रों के लिये लाइव ऑनलाइन कक्षाएँ संचालित करने में सक्षम** बनाएंगे।

मुख्य बिंदु:

- पहले चरण में, यह योजना **कक्षा 6 से 12 तक के 1.9 लाख छात्रों तक विस्तारित** की जा चुकी है।
    - अधिकारी वर्तमान में यह सुनिश्चित करने के लिये कार्य कर रहे हैं कि वंचित छात्रों को बिना किसी तकनीकी समस्या के शिक्षा प्रदान की जा सके।
    - सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाने के लिये **मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की** तैयारी कर रहे छात्रों को **कोचिंग** भी प्रदान की जाएगी।
- यह **कार्यक्रम** वर्तमान में **राज्य के 13 ज़िलों के अंतर्गत 500 सरकारी स्कूलों में लागू** किया जा रहा है।
    - इस कार्यक्रम के तहत वर्चुअल कक्षाओं में इंटरैक्टिव संचार को सक्षम करने के लिये **रिमोट संचालित टर्मिनलों** (Remote Operated Terminals- **ROT**) और **सैटेलाइट इंटरएक्टिव टेक्नोलॉजी** का प्रयोग किया जाता है, जिससे छात्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरह से अधिगम में सक्षम होते हैं।
    - इसके अतिरिक्त, **माता-पिता और शिक्षकों** को समर्पित अनुप्रयोगों के माध्यम से उनकी **प्रगति की निगरानी करने में भी सहायता** मिलती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/additional-virtual-classrooms-in-uttarakhand